जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

20 दिसंबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया पीएचडी स्कॉलर ने बहरीन पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2024 में शानदार प्रदर्शन किया और दो कांस्य पदक जीते

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पीएचडी विद्यार्थी मुन्ना खालिद ने बहरीन पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2024 (लेवल-1) में दो कांस्य पदक जीते हैं। यह चैंपियनशिप बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) द्वारा बहरीन के मनामा शहर में 11 से 15 दिसंबर, 2024 तक आयोजित की गई थी। इस उपलब्धि के उपरांत मुन्ना खालिद ने विश्व स्तर पर दसवें स्थान पर रहने वाले शटलर का गौरव प्राप्त किया है।

यह महत्वपूर्ण है कि विश्व स्तर पर केवल शीर्ष बारह रैंक वाले खिलाड़ी ही लेवल-1 टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पात्र हैं। खालिद ग्रुप मैचों में लगातार जीत के बाद सेमीफाइनल में पहुंचे; हालांकि, उन्हें अंततः एकल और मिश्रित युगल दोनों स्पर्धाओं में कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

यह भी महत्वपूर्ण है कि सितंबर में खालिद ने इंडोनेशिया पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2024 में दो कांस्य पदक जीतकर अद्भुत सफलता प्राप्त की थी । इससे पहले उन्होंने जुलाई में युगांडा पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक हासिल करते हुए पदकों का एक उल्लेखनीय संग्रह अर्जित किया। इसके अतिरिक्त दिसंबर 2023 में उन्होंने खेलो इंडिया पैरा गेम्स में एक और कांस्य पदक जीता है । आज की तिथि तक खालिद ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कुल नौ अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं, जिनमें दो स्वर्ण, दो रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति प्रो. मजहर आसिफ और गेम्स एवं स्पोर्ट्स के मानद निदेशक प्रो. नफीस अहमद ने खालिद को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं । प्रो आसिफ ने यह भी कहा कि खालिद ने न केवल एक शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी के रूप में अपनी योग्यता साबित की है, अपितु जामिया को अंतरराष्ट्रीय खेल मानचित्र पर भी स्थापित किया है।

इस उपलब्धि पर खुशी व्यक्त करते हुए खालिद ने यह कहा कि उनकी आकांक्षा आगामी एशियाई खेलों एवं पैरालिंपिक में देश के लिए पदक हासिल करना है ।

वर्तमान समय में खालिद जामिया मिल्लिया इस्लामिया से हिंदी साहित्य में पीएचडी कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने जामिया मिल्लिया इस्लामिया से बी.एससी. (ऑनर्स), एमएसडब्ल्यू और एम.ए. हिंदी की पढ़ाई पूरी की है ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया